دیش کی مضبوطی کے لئے پولیس کے ڈپارٹمنٹ کو فوج کی طرح دیش کے بچاؤ کی دوسری لائن بنایا جائے اور پولیس کو سینٹرل سبجکٹ رکھا جائے تاکہ سارے دیش میں مضبوطی آ سکے ۔

ایک عرض یہ ہے کہ جیسے یہ حقیقت ہے کہ کشمیر بھارت کا ہے ، جیسے یہ حقیقت ہے کہ اس وقت ساری دنیا میں آتما اور پرماتما کا گیان دینے میں بھارت سب سے اونچا ہے ، اسی طرح یہ بھی حقیقت ہے کہ ہندوستان میں جو چھ کروڑ مسلمان بستے ہیں وہ ہندوستان کا ایک انگ کیا گیا ہے جس میں بڑا مت بھید ہونے کی وجہہ سے ایک اگر کروڑ پتی بنگیا تو دوسرا برباد ہوا ۔ جس منسٹری کے تحت ایسی چیزوں کے امپورٹ ہوئے جیسے ریان کا جس کے پردہ میں پولور ، نئے نئے کوٹ اور پتلونیں آئی ہیں اس کے ٹکڑے آئے اور وہ بکے ۔ اور جس منسٹری نے پبلک انٹرسٹ کے تحت ڈیوٹی بھی ہٹا دی اس منسٹری سے مطالبہ کیا جائے کہ وہ ریزائن کرے ۔ وہ کامرس منسٹری ہے ۔ ایک منسٹر جو فارن کے ، دوسرے ممالک کے ، منسٹر ہیں ، پہلے کامرس کے تھے ، پھر کھانے پینے میں آئے ، وہاں سے فارن منسٹر بنے ، ان کے وقت میں کروڑوں روپیہ خرچ کیا گیا باہر لیکن ہماری حالت یہ ہے کہ جب پاکستان سے ہماری لڑائی ہوئی کوئی بھی ہمارا مدد گار نہیں تھا ، کسی دیش میں ہمارے لئے ہمدردی کے نعرے نہیں اٹھے تھے ۔ اس کو اس نالائقی کی وجہہ سے ریزائن کرایا جائے ۔

ایک اور عرض کرنا چاہتا ہوں ۔ آنے والے الیکشن میں ڈیموکریسی کو زندہ رکھنے کے لئے سرکار اس بات کا بالکل نیشچے کرے کہ وہ کسی طرح سے بھی افسروں کو الیکشن میں سپریم نہیں بنائے گی ۔ اگر بنائے گی تو اس سے پریشانی بڑھے گی ۔

آج ملک میں ایسی باتیں ہو رہی ہیں جیسا ابھی بستر میں ہوا ۔ ایسے

خاص طور پر سمجھ لیں کہ کوئی چاہے وہ کتنی ہی اونچی پدوی پر کیوں نہ ہو اگر ایبوز آف پاور کی وجہہ سے یا کرپشن کی وجہہ سے یا نالائقی کے وجہہ سے الگ کیا جاتا ہے تو پھر اس کو بالکل اسی طرح سے بلیک لسٹ کیا جائے جیسا کہ بیوپاری کو بلیک لسٹ کر دیتے ہیں یا کسی بد معاش کو بلیک لسٹ کر دیتے ہیں جو سبھا اور سوسائٹی کے لائق نہ ہو اسی طرح سے ان کو بھی پالیٹیکس میں ریڈ لائن کر دی جائے اور جس طرح سے بیرین مترا اور دوسرے لوگوں کو پھر موقعہ دیتے ہیں ان کو موقعہ نہ دیا جائے ۔

آخری عرض کرتا ہوں کہ اتنی بڑی بات ہوئی پنجاب میں ۔ کیا کچھ ہوا ؟ ہند سرکار کے ایک منسٹر کو ڈسمس کیا جاتا ہے ۔ کیوں ڈسمس کراتے ہیں ، اس کا سرکار ہی جواب دے سکتی ہے ۔ پھر اسی کو موقعہ دیا جاتا ہے کہ وہ الیکشن لڑے ۔ اس کو کانگریس کا ٹکٹ ملے ، مجھے اس سے بحث نہیں ۔ میری عرض یہ ہے کہ سرکار اس وشے میں چاہے جتنا بڑا آدمی کیوں نہ ہو ۔ اس کے اوپر وہ ایکشن لے ۔ اس کی بد دیانتی ، کمزوری یا ایبوز آف پاور کی وجہہ سے اس کو پھر سے کسی طرح سے بھی پالیٹکس میں آنے نہ دے ۔ جیسے کہ ایوب نے بٹھا دیا تھا ان تمام لوگوں کو جنہوں نے غداری کی تھی عوام کے

[شری عبدالغنی]

ہیں ۔ ان کے ساتھ اب ایسا سلوک ہو جس سے ان کے من کا یہ احساس کہ وہ ہندوستان میں برابری پر نہیں ہیں ختم ہو جائے ۔ میں ایک مثال نہیں کئی مثالیں دے سکتا ہوں ۔ بنارس یونیورسٹی میں گڑ بڑ ہوئی ، علی گڑھ میں بھی ہوئی ۔ کچھ لڑکوں نے کی ۔ میں نے کنڈم کیا ۔ لیکن دونوں میں مت بھید ہو ۔ ایک یونیورسٹی میں ایک طرح کا برتاؤ ہو ، دوسری یونیورسٹی میں دوسری طرح کا برتاؤ ہو ، تو یہ دیش کو اونچا نہیں لے جائیگا ، نیچے لے جائیگا ۔

ایک بات اور عرض کرنا چاہتا ہوں ۔ جب ملک میں کھانے پینے کی چیزوں کی قیمت ایک ہو جائے پھر دیکھا جائے کہ چاہے ایک چپراسی ہو ، کلرک ہو ، آفیسر ہو ، اس کے لئے اپنا پیٹ بھرنے میں دقت نہ ہو ۔ ابھی تک ہم ہیلتھ کا انتظام ملک میں ایسا نہیں کر سکے کہ ہیلتھ سروسیز فری دے سکیں ۔ جب تک یہ نہیں ہو جاتا ان کی تنخواہوں کی اسکیل اس طرح سے رکھے جائے جس سے آسانی کے ساتھ اپنے بچوں کی زندگی کو بہتر بنا سکیں ۔

میں یہ بھی عرض کرنا چاہتا ہوں کہ اب وقت آ گیا ہے کہ اندرا جی اور اندرا جی کے ساتھی جن پر دیش کے چلانے کا بوجھا ہے اس بات کو

ساتھ ۔ اسی طرح سے ان لوگوں کو ٹھنڈا کر دیا جائے تاکہ اندرا جی کا راستہ صاف ہو اور وہ صفائی کے ساتھ اپنے دیش کو آگے لے جا سکیں ۔

†[**श्री अब्दुल गनी** (पंजाब) : चेयरमेन साहब, एप्रोप्रिएशन बिल का स्वागत करता हूं। मुझे खुशी है कि सरकार अपनी जरूरियात को हाउस के सामने लाई है। मैं श्री राज नारायण सिंह जी के साथ मुत्तफिक नहीं हूं कि इस सरकार को इसकी त्रुटियों के कारण कोई पैसा नहीं देना चाहिए, इसका कोई बिल पास नहीं करना चाहिए।

[THE DEPUTY CHAIRMAN IN THE CHAIR]

लेकिन जहां मैं इसका स्वागत करता हूं वहां कुछ गुजारिशात डिप्टी चेयरमेन के जरिए सरकार के सामने रखना चाहता हूं। सरकार दावा करती है कि वह मरहूम पंडित जवाहर लाल नेहरू के नकशे कदम पर चल रही है लेकिन इसका अमल इसके ख़िलाफ है। पंडित जवाहर लाल नेहरू ने इस मशहूर हुब्बे वतन को—जिसे शेरे हिन्द भी कहा गया शेरे काश्मीर भी कहा गया—शेख अब्दुला को इतनी इज्जित बख्शी थी, रिहा करके कि वह चाहते थे कि पाकिस्तान और हिन्दुस्तान के दरमियान यह काश्मीर की प्राब्लेम जो है जो आए दिन तल्ख़ होता जाता है उसको किसी तरह से हल किया जाए। इख्तलाफ राय हो सकता है। कल डाह्याभाई पटेल ताकत में आ सकते हैं और मेरी बहन इन्दिरा जी अपोज़िशन में जा सकती हैं लेकिन इसके मायने यह कहां है कि अगर जवाहर लाल नेहरू ने कोई बात की थी और उठाई थी कि किसी तरह पाकिस्तान और हिन्दुस्तान के दरमियान जो एक ही झगड़ा है और वह काश्मीर का है उसे सोल्व किया जाए उसका जवाब यह दिया जाए कि सरकार शेख अब्दुला को जेल में रखे, नज़र बन्दी की हालत में रखे और इससे यह मदद न ले कि काश्मीर का मसला हल हो। कौन नहीं जानता कि काश्मीर की वजह से ही अभी-अभी जो आख़री जंग हुई और जिसमें हमारे हिन्दुस्तानी विजयी हुए पाकिस्तान के साथ उसका कारण काश्मीर था। या तो सरकार आए दिन यह न कहे कि वह पंडित जवाहर लाल नेहरू के कदमों पर चलना चाहती है और अगर कहती है कि चलना चाहती है तो उसे शेख अब्दुला को रिहा करना चाहिए और शेख अब्दुला के जरिए कश्मीर के मसले को पाकिस्तान के साथ हमेशा के लिए निबटाना चाहिए। उसको निबटाने का एक ही तरीका है कि पाकिस्तान अपनी ज़िद से बाज़ आए। वह जानता है कि काश्मीर हिन्दुस्तान का है, उसने उसके एक हिस्से पर कब्ज़ा कर रखा है। मुझे हैरत हुई थी डिप्टी चेयरमेन साहब आपको याद होगा कि जब यहां से श्री लाल बहादुर शास्त्री चले थे तो सबने अपनी दुआएं दी थीं और मैंने दुवा देते हुए यह कहा था कि अगर जनरल अयूब यह कहें कि मैं कश्मीर के मुतल्लिक बात नहीं करूंगा तो मैं समझ सकता हूं क्यों कि उन्होंने उसपर कब्ज़ा कर रखा है लेकिन हम कहें कि हम काश्मीर के मुतल्लिक कोई बात नहीं करेंगे तो इसे मैं नहीं समझ सकता। आज भी इस मसले का हल, ताकि मुल्क पर जो करोड़हा अरबहा रुपए का बोझ पाकिस्तान की लड़ाई में पड़ा और हमारे जो तरक्की के तहमीरी काम हैं वह रुके, उसका कोई न कोई उपाय हो।

मैं इसके साथ यह भी अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस वक्त एमरजेंसी के पर्दे में अपने बेशुमार बहनों भाइयों को जेल में रखा है। कोई डेमोक्रेसी की अलम बरदार सरकार गैर मुतमैयन वक्त के लिए बगैर मुकदमा चलाए उन लोगों को जेल में रखे जिन्होंने कि उनसे ज्यादा अंग्रेज़ों के साथ लड़ते हुए कैद काटी है ठीक नहीं है। इन गद्दियों पर बैठने वाले कई ऐसे हैं जिन्होंने गांधी जी की

t[ ] English translation.

[श्री अब्दुल गनी]

शकल नहीं देखी, कई ऐसे हैं जिन्होंने अंग्रेज के राज में कांग्रेस का नाम नहीं लिया और कई ऐसे हैं जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए कोई कदम नहीं उठाया। लेकिन यह सब मुहिब्बे-वतन बन कर, क्योंकि ताकत उनके हाथ में है, ऐसा कर रहे हैं। मैं मानता हूं कि अगर कोई देश द्रोही हो तो उसपर मुकदमा चलाओ न कि यह कि इस पर्दे में केरल के तमाम लोगों को डेमोक्रेसी से महरूम कर दो। यह सरकार जो डेमोक्रेसी की अलम बरदार है अपने हाथ में ऐसा डंडा रखना चाहती है जिससे डेमोक्रेसी का गला घोंटा जाए तो मैं समझता हूं कि यह पंडित जवाहर लाल नेहरू के नक्शे कदम पर नहीं चलती। मैं इस बात पर भी हैरान होता हूं कि आखिर डेमोक्रेसी के मायने क्या यह हैं कि अगर शंकर जी कामयाब हो जाएं तब तो केरल में डेमोक्रेसी चलेगी और अपोजिशन वाले जीत जाएं तो केरल में डेमोक्रेसी नहीं चलेगी। यह बातें जो हैं किसी सरकार को सजती नहीं हैं। इससे सरकार की ताकत बनती नहीं है। जहां मैंने यह कहा वहां यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि यह जो नागालैंड का किस्सा हुआ, यह जो मीज़ो का किस्सा हुआ यह आए दिन महाराष्ट्र और मैसूर की जंग हो और आंध्रा और तमिल की जंग हो . . .

श्री अकबर अली खांन (आंध्र प्रदेश) : आंध्रा और तमिल में कोई जंग नहीं है।

श्री अब्दुल गनी : मेरे भाई अकबर अली यह कह रहे हैं लेकिन एक मराठी भी यह कबूल नहीं करता कि वह तमिल के नीचे चला जाए या एक तमिल यह कबूल नहीं करता कि वह आंध्रा या महाराष्ट्र के नीचे चला जाए। तो मैं यह कह रहा था कि यह जो छोटे-छोटे फर्क आप पैदा कर रहे हैं। मैं बचपन में पढ़ा करता था महाराजा अली राज चकरवर्ती महाराज 6 गांव के राजा हुआ करते थे। तो आज चप्पे-चप्पे पर नई-नई स्टेट बनाई जा रही हैं और बनती जा रही हैं। यह जो टेंडेंसी है वह देश को कहां लिए जा रही है। आप अरबहा रुपया मंजूर कराएं मुझे कोई दुःख नहीं है क्योंकि कोई सरकार बिना रुपये के नहीं चल सकती। मैंने अपनी जिन्दगी में बजट की मुखालफत नहीं की। इसलिए नहीं की कि कोई भी सरकार जो अपोजिशन की हो या मौजूदा कांग्रेस की हो वगैर इसके नहीं चल सकती लेकिन हमारी टेंडेंसी किस तरफ चल रही है कि यह जो छोटे-छोटे घरौंदे आप बनाने जा रहे हैं और उसको आप लैंगविज का बहाना देते हैं? मेरी समझ में नहीं आता कि क्यों आज सरकार इस बात की तरफ विचार नहीं करती कि अपने देश की हालत को सुधारने के लिए नेशनल इंटीग्रेशन, जिसे आप कहते हैं कि हिन्दुस्तान एक है, हर हिन्दुस्तानी बराबर का हिस्सेदार है, क्या इस तरह होगा। वह किसी गोत्र से ताल्लुक रखता हो किसी धर्म से ताल्लुक रखता हो किसी सोसाइटी से ताल्लुक रखता हो लेकिन हालत आपकी और मेरी आज यह है इस सरकार के राज में। इस तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता कि यू० पी० की जो बड़ी स्टेट है जिसकी 7-8 करोड़ की आबादी है अगर वह चल सकती है तो बाकी देश को 6 हिस्सों में क्यों नहीं बांटा जा सकता है। लेकिन वहां चाहिए यह कि एक-एक जगह का एक-एक चौधरी हो जिसे चीफ मिनिस्टर कहते हैं। उसकी फिर एक सेना हो। सेना के साथ दूसरी सेना हो इसलिए मैं अर्ज करना चाहता हूं कि इस स्पिरिट को बदलने के लिए इस बजट में मुझे कुछ दिखाई नहीं देता है। हम लोगों की और बहन भाइयों की रहनुमाई के लिए सरकार इस तरह से करे कि मुल्क में एक जज़बा पैदा हो, सभी गोत्र और बिरादरी और इलाके एक सा बोलें और चलें तो इससे देश कहीं बड़ा हो सकता है। अगर-देश बड़ा है तो हमें ऊंचा उठना चाहिए और हमें अपने देश को इस तरह से तकसीम करना चाहिए कि जहां न सूबाई तअस्सुब बने न जबानों का झगड़ा हो और हम मिलजुल कर अपने देश की दूसरी योजनाओं को कामयाब बनाने की कोशिश करें।

मुझे एक बात कहनी है और वह यह है कि बदकिस्मती से इस वक्त एडमिनिस्ट्रेशन जो गंगा और जमना की तरह पवित्र होता है जिसमें छोटे-बड़े मुलाजम सब होते हैं इसमें कोई आफिसर कहलाता है कोई क्लर्क कहलाता है कोई पटवारी कहलाता है कोई तहसीलदार कहलाता है यह सब लोग गंगा जमना की तरह हैं। गंगा जमना के किनारे पर कभी आर्यों का राज था। आर्य राज करने आए, कभी कोई राज करने आया, कोई मुगल आया तो उन्होंने राज किया, पठान आए तो उन्होंने भी यहां राज किया लेकिन गंगा जमना ने अपना पेशा नहीं छोड़ा और वह हमेशा खेतों को हरा करती ही रही। अगर यह भारत मां विदेशियों के हाथों में थी तो गंगा जमना ने अपना असर नहीं छोड़ा लेकिन आज क्या हालत है? आज कांग्रेस इलेक्शन लड़ती है पार्टी इलेक्शन लड़ती है या कांग्रेस के नुमाइन्दे लड़ते हैं। यह कहना बिल्कुल गलत है कांग्रेस पार्टी ने इलेक्शनों को लड़ने के लिए आफिसरों को प्रचारक बना लिया है। उनको अपना मुलाजम बना रखा है। जहां पर इलेक्शन के लिए वरकर्स नहीं हैं जहां पर तिरंगा झंडा दिखाई नहीं देता है वहां पर को-आपरेटिव के डायरेक्टर जाते हैं रजिस्ट्रार जाते हैं, रेवेन्यू के आफिसर जाते हैं और दूसरे तमाम महकमों के लोग जाते हैं और वहां जाकर कांग्रेस के नुमाइन्दों के लिए कनवासिंग करते हैं। इस तरह का जो रास्ता आपने अख्तियार किया है वह बिल्कुल गलत है। अगर वह लोग आज कांग्रेस का साथ दे सकते हैं तो कल को दूसरे देश द्रोहियों का भी साथ दे सकते हैं। क्योंकि मैं जहां जिन आफिसरों के बारे में कहता हूं उन आफिसरों के बारे में देश के नेता महात्मा गांधी ने यह कहा था कि हम उनसे बदला लेना नहीं चाहते हैं कि उन्होंने अंग्रेजों के इशारों पर काम किया था लेकिन यह हमारे भाइयों की भूल है कि आफिसर कांग्रेस का टूल बनकर इलेक्शन में काम करते हैं। इस इलेक्शन में जहां डेमोक्रेसी का नाम लिया जाता है वह अकसर जाकर वोटिंग करते हैं। यह रास्ता बिल्कुल गलत है वह आफिसर फिर देश द्रोह कर सकता है। आज इस तरह पार्टियों के लिए वह अपना कसब छोड़ कर गंगा जमना के पवित्र काम को छोड़ कर कांग्रेस पार्टी के टूल बन जाते हैं। फिर भी अगर यह कहा जाता है कि हिन्दुस्तान में डेमोक्रेसी है तो मैं यह कहता हूं कि यह सरकार बिल्कुल भूल में है। वे लोग जो उनको बना सकते हैं कल उनको गिरा भी सकते हैं। अपनी क्वालिटीज पर आप बनिए और अपनी पार्टी की चर्चा कीजिए कि हमने यह किया वह किया। यह उड़ीसा में जो भूखमरी है या किसी और जगह है उसके बारे में आप कह सकते हैं कि इसमें कांग्रेस को दोष नहीं है, मौसम का दोष है, रुपये की कमी का दोष है। बाहर से आने वाली गन्दुम कम आई या वक्त पर नहीं आई इसका दोष है मैं यह बात मान सकता हूं। मैं कांग्रेस को ही नहीं अपने आपको भी बराबर का साथी मानता हूं। लेकिन यह कहना चाहता हूं कि इस वक्त एडमिनिस्ट्रेशन जो पवित्र होगा वही दुनिया में सबसे ज्यादा बेहतर सफलता हासिल कर सकता है। आप इसको नापाक न कीजिए, इसे अपनी पार्टी के धन्धों में इस्तेमाल न कीजिए क्योंकि इससे देश बिगड़ने वाला है, इससे देश का कुछ बनने वाला नहीं है।

अब मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि आज हम कैसे काम में सफल हों मुझे वाजपेयी जी की इस बात से बिल्कुल इत्तफाक नहीं है जो वह यह कहते कि क्यों अशोक महता ने यह कहा और क्यों अशोक महता इस तरह से मायल हो रहे हैं कि वह अमेरिका की मदद से यहां पर इंडोपाक, कोई प्राजेक्ट बनाना चाहते हैं। मैं समझता हूं कि आज सारी दुनिया एक घरोन्दा बनकर रह गई है, एक छोटा सा कुटुम्ब बन कर रह गई है। क्या वाजपेयी या अब्दुल गनी के घर में झगड़ा नहीं होता है? होता है लेकिन इसके मायने क्या यह होते हैं? आज दुनिया को बनाने के लिए अगर अमरीका इस तरह से अपन

[श्री अब्दुल ग़नी]

सर्विसिज़ पेश करता है जैसे रशिया पेश करता है तो हमें उसको कबूल करना चाहिए उसका स्वागत करना चाहिए और कहना चाहिए कि अमेरिका सरकार इस वक्त अपनी बिगड़ी हुई हालत को ठीक करना चाहती है। यह कौन नहीं जानता कि हमारे रुपये की ताकत कितनी रह गई। सतरह पैसे या तेरह पैसे रह गई है। आज एक बड़े से बड़ा आफिसर जो है उसकी हालत यह है कि वह अपने बच्चों को तालीम अच्छी तरह से नहीं दे सकता है, उनकी सेहत की देख भाल अच्छी तरह से नहीं कर सकता है क्योंकि आज महंगाई इतनी बढ़ गई है। कोई आफिसर अगर रिश्वत लेता है तो हम उसको चोर कहते हैं लेकिन सरकार ने कसम खा ली है कि गलत रास्ते पर डाल दिया जाए। मैंने बैंकिंग के बारे में यहां पर कई बार किस्सा उठाया। बैंक जो भी हो चाहे रिज़र्व बैंक हो या दूसरा बैंक हो लेकिन वह मुल्क की बाड़ हैं जहां तक इकोनोमिक हालत का ताल्लुक है लेकिन इनमें बद-दयान्ती हुई। जुलाई 1965, में सरकार की तरफ से पोलिस स्टेब्लिशमेंट के सुपरिंटेंडेंट ने पार्लियामेंट स्ट्रीट के मजिस्ट्रेट के सामने एक एफ० आई० आर० दर्ज किया और उसमें कहा गया कि एक बैंक में फ्राड हुआ और एक बैंक में बेईमानी हुई। उसमें तमाम दुनिया भर की दफात लगा दी गई। इस तरह के लोग वहां पर मौजूद हैं लेकिन सरकार उसका ज़िकर नहीं करती है। बावजूद इसके कि इस तरह की बद-दयान्ती होती है और रिज़र्व बैंक भी कन्नाइवेंस में शामिल हो जाता है। मैं कहता हूं कि एक बैंक में 46 लाख रुपये ब्लैक का पड़ा हुआ है। टी० टी० कृष्णमाचारी चले गये हैं। लोक सभा में चले गये हैं। यहां फाइनांस मिनिस्टर थे। लेकिन वह यहां कहते हैं कि कोई बात नहीं यह बातें जो हैं यह तमाम गलत हैं। अगर एक खानदान मान कर सारी दुनिया को अमेरिका या रशिया हिन्दुस्तान की मदद के लिए आता है मैं कहता हूं कि आना चाहिए। अगर नहीं आता है तो वह इस दुनिया का अगवा कहलाने के काबिल नहीं है। क्योंकि हिन्दुस्तान इस वक्त दुनिया की तहज़ीब में, दुनिया की शराफत में, रूहानियत में सबसे बड़ा अलमबरदार है। चीन का अगर कोई जबाब है तो वह हिन्दुस्तान ही है। हिन्दुस्तान में अगर हालत खराब हो जाए भूखमारी बढ़ जाए, गरीबी बढ़ जाए आफिसर्स क्या, फारमर्स क्या, दूसरे क्या, सबके सब अपनी जगह से नीचे चले जाएं तो अमेरिका का कुछ बनने वाला नहीं सिवाए इसके कि वह भी खत्म हो जाएगा । तो अगर अमेरिका आता है तो आए। वाजपेयी जी यह कहते हैं कि अमेरिका आए ऐसे टर्म्स में आए कि हमारे देश की शान को हमारे देश की आज़ादी को हमारे देश की ऊंचाई को कोई धक्का न लगे उसे मैं मान सकता हूं और मैं कबूल करता हूं। रूस वालों ने जंग के दौरान हमारी जो मदद की है उसके लिए मैं उनका शुक्रगुज़ार हूं। अगर रशिया हमारे लिए कोई नेक कदम उठाना चाहता है तो क्योंकि मैं उनके ख्याल से मुत्तफिक नहीं हूं इसलिए मैं उनकी मदद को कहूं कि उन्होंने मदद गलत की है या अमेरिका वालों को कहूं कि वह गलत हैं, तो मुनासिब नहीं होगा। बाकी रहा कि यह जो आफिशियिल पार्टी के बड़े बड़े सीनियर आफिसर्स मौजूद हैं उनके लिए मैं यह कहना नहीं चाहता। लेकिन यह कहना चाहता हूं कि इस हाउस में मैंने सब रंग देखे हैं कि अगर आज अमेरिका को दबाना है तो चारों तरफ से हाउस में गालियां पड़नी शुरू हो गई। अगर रूस को उठाना है तो रूस की महिमा शुरू हो जाती है लेकिन मैं जानता हूं कि सरकारें ऐसा करती हैं। लेकिन सरकार ऐसा न करे कि वह अपना रास्ता ही भूल जाए। क्योंकि यह सरकार को मानना चाहिए कि तीसरी योजना के बावजूद हम आज खेती बाड़ी में तरक्की नहीं कर सके हैं। यह सरकार को मानना चाहिए कि तीसरी योजना के बावजूद आज इण्डस्ट्रीज़ में हम इतनी तरक्की नहीं कर सके हैं जितनी कि हम तवक्को करते थे। यह सरकार को

मानना चाहिए कि एजूकेशन में जो हम तवक्को करते थे कि हम इन योजनाओं में एक एक घर में तालीम फैला देंगे वह हम नहीं फैला सके। हम डाक्टर नहीं पैदा कर सके। हम हस्पताल नहीं बना सके और अगर हस्पताल बना सके तो वहां दवाईयां नहीं पहुंचा सके। हम फरटिलाइज़र के कारखाने लगा सके लेकिन फरटिलाइज़र हम किसान तक नहीं पहुंचा सके। अगर बारिश नहीं हुई तो हमने खुदा को गालियां देनी शुरू कर दीं कि भगवान ने तबाह व बरबाद कर दिया लेकिन उसका कोई बदल नहीं पैदा कर सके। हम ट्यूब वेल पम्पिंग सेटस् और छोटे कुवें इस तरह से नहीं लगा सके कि अगर कोई विपता आए तो उसका हम मुकाबला कर सकें। आज हमारी यह हालत है कि पानी की कमी होने से हमारे पावर हाउसेज जो थे वह इतने धीमे पड़ गये कि हमने लोगों से कहा कि हम तुम्हें 25 फीसदी बिजली भी नहीं दे सकते। सरकार होती है इस बात के लिए कि वह ऐसे मौके पर मर्दों की तरह खड़ी हो जाए। अगर कुदरत की तरफ से बारिश हो जाती है तो उसमें सरकार का क्या जोर है या अपोज़िशन वालों का क्या जोर है? वह तो भगवान की बारिश होती है और उससे किसान की खेती बाड़ी हरी हो जाती है लेकिन अगर बारिश न हो फिर भी हम कुछ कर पाते हैं तब सरकार अच्छी कहलाती है और तब सरकार के लिए यह जजबा पैदा होता है कि यह सरकार अच्छी है और यह असल में जनता की मदद करती है।

(Time bell rings.)

तो मैं खत्म कर दूं?

उपसभापति : आप 15 मिनट बोल चुके हैं।

श्री अब्दुल गनी : इस सेशन में तो शायद मेरी एक ही तकरीर होगी। अभी तो मैं एक ही पहलू पर बोला हूं और मैं थोड़ा आगे चलना चाहता हूं अगर आप इजाजत देंगी और अगर इजाजत नहीं देंगी तो बैठ जाऊंगा।

उपसभापति : वक्त बहुत कम है।

We have to finish the Bill today. You may take another 5 to 7 minutes after the lunch hours.

The House stands adjourned till 2. 30 p.m.

The House then adjourned at thirty one minutes past .one of the clock.

The House reassembled after lunch at ; half past two of the clock, THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M.P. BHARGAVA) in the chair.

श्री अब्दुल गनी : वाइस चेयरमैन महोदय, इससे पेशतर कि अपनी गुजारीशात को खत्म करूं मैं आपके द्वारा अपनी सरकार से यह मुतालबा करता हूं कि बैंकिंग में बढ़ती हुई बेइमानियों, लूट खसोट और जो निपोटिज्म और फेवरेटिज्म चलता है और एल० आई० सी० जिसका करोड़ों रुपया गलत तौर पर लगा है और जिस में बहुत ही त्रुटियां आ गई हैं उनके खिलाफ सरकार एक कमिशन मुकर्रर करे ताकि बैंकिंग और एल० आई० सी० की जो गलत बातें हैं उनको किसी तरह से चैक किया जाए।

दूसरी गुजारश यह है कि सारे देश में खाने पीने की चीजों का एक दाम मुकर्रर हो ताकि मुल्क में खाने पीने की वजह से कोई अफरातफरी न हो। गवर्नमेंट एक कमिशन बिठाए जो यह विचार करे कि कन्या कुमारी से लेकर श्रीनगर के आखरी हिस्से तक और उधर आसाम से लेकर गुजरात के आखरी हिस्से तक एक ही कीमत मुकर्रर हो। उसको किस तरह से मुकर्रर किया जाए और किस तरह से गवर्नमेंट उसके लिए सबसिडी दे उसके बारे में कमिशन विचार करे।

तीसरा यह कि जिस मिनिस्ट्री के जेरे साया करोड़ों रुपये के परमिट हर रोज बम्बई में बिक जाते हैं, जिसने करोड़ों रुपये के इम्पोर्ट लाइसेंस बगैर बैंक क्लीयरिंग सर्टिफिकेट जारी कराए, जिसके तहत एक कारखाने और दूसरे कारखाने में एक फेक्ट्री और दूसरी फेक्ट्री में उस तरह का बर्ताव किया गया है जिसमें बड़ा मत-भेद होने की वजह से एक अगर करोड़पति बन गया तो दूसरा बरबाद हुआ, जिस मिनिस्ट्री के तहत ऐसी चीजों के इम्पोर्ट हुए जैसे रेयन का जिसके पर्दे में पुलओवर

[श्री अब्दुल ग़नी]

नये नये कोट और पतलूनें आई हैं उसके टुकड़े आए और वे बिके और जिस मिनिस्ट्री ने पब्लिक इन्ट्रेस्ट के तहत ड्यूटी भी हटा दी उस मिनिस्ट्री से मुतालबा किया जाए कि वह रिजाइन करे। वह कामर्स मिनिस्ट्री है। एक मिनिस्टर जो फारन के, दूसरे मुमालक के मिनिस्टर हैं पहले कामर्स के थे और फिर खाने पीने में आए वहां से फारन मिनिस्टर बने उनके वक्त में करोड़ों रुपया खर्च किया गया बाहर लेकिन हमारी हालत यह है कि जब पाकिस्तान से हमारी लड़ाई हुई कोई भी हमारा मददगार नहीं था, किसी देश में हमारे लिए हमदर्दी के नारे नहीं उठे थे उस को इस नालायकी की वजह से रिजाइन कराया जाए ।

एक और अर्ज करना चाहता हूं आने वाले इलेक्शन में डेमोक्रेसी को जिन्दा रखने के लिए सरकार इस बात का बिल्कुल निश्चय करे कि वह किसी तरह से भी अफसरों को इलेक्शन में सुप्रीम नहीं बनाएगी। अगर बनाएगी तो उससे परेशानी बढ़ेगी।

आज मुल्क में ऐसी बातें हो रही हैं जैसा अभी बस्तर में हुआ। ऐसे इंसिडेंट को जितना भी हो सके सख्ती से दबाया जाए।

काश्मीर की समस्या को हमेशा के लिए हल करने के लिए शेख अब्दुला को रिहा किया जाए शेख अब्दुला की मदद से इस मसले का हमेशा के लिए सुलझाव किया जाए।

मेरी यह भी दरख्वास्त है कि एमरजेंसी को खत्म किया जाए। एमरजेंसी की आज जरूरत नहीं। सब के सब मिल कर इन्दिरा जी के हाथ मजबूत करें। अगर कोई बिल्कुल देश द्रोही है जिससे यह खतरा है कि वह देश को नुक्सान पहुंचा सकता है तो इस पर खुले बंदों मुकदमा चला कर जेल में रखा जाए और जो सख्त से सख्त सजा सरकार देना चाहती है दे।

देश की मजबूती के लिए पोलिस के डिपार्टमेंट को फौज की तरह देश के बचाव की दूसरी लाइन बनाया जाए और पोलिस को सेन्टरल सबजेक्ट रखा जाए ताकि सारे देश में मजबूती आ सके।

एक अर्ज यह है कि जैसे यह हकीकत है कि काश्मीर भारत का है जैसे यह हकीकत है कि इस वक्त सारी दुनिया में आत्मा और परमात्मा का ज्ञान देने में भारत सब से ऊंचा है उसी तरह से यह भी हकीकत है कि हिन्दुस्तान में जो 6 करोड़ मुसलमान बसते हैं वे हिन्दुस्तान का एक अंग हैं। उनके साथ अब ऐसा सलूक हो जिससे उनके मन का यह एहसास कि वह हिन्दुस्तान में बराबरी पर नहीं हैं खत्म हो जाए। मैं एक मिसाल नहीं कई मिसालें दे सकता हूं । बनारस यूनिवर्सिटी में गड़बड़ हुई अलीगढ़ में भी हुई, कुछ लड़कों ने की। मैंने कंडम किया लेकिन दोनों में मतभेद हो । एक यूनिवर्सिटी में एक तरह का बर्ताव हो दूसरी यूनिवर्सिटी में दूसरी तरह का वर्ताव हो तो यह देश को ऊंचा नहीं ले जाएगा, नीचे ले जाएगा।

एक बात और अर्ज करना चाहता हूं। जब मुल्क में खाने पीने की चीजों की कीमत एक हो जाए फिर देखा जाए कि चाहे एक चपरासी हो क्लर्क हो आफिसर हो उसके लिए अपना पेट भरने में दिक्कत न हो। अभी तक हम हैल्थ का इन्तेजाम मुल्क में ऐसा नहीं कर सके कि हैल्थ सर्विसिज फ्री दे सकें। जब तक यह नहीं हो जाता उनकी तनख्वाहों की स्केल इस तरह से रखें जाए जिससे आसानी के साथ अपने बच्चों की जिन्दगी को बेहतर बना सकें।

मैं यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि अब वक्त आ गया है कि इन्दिरा जी और इन्दिरा जी के साथी जिन पर देश के चलाने का बोझ है इस बात को खास तौर पर समझ लें कि कोई चाहे वह कितनी ही ऊंची पदवी पर क्यों न हो अगर अब्यूज आफ पावर की वजह से या करप्शन की वजह से या नालायकी की वजह से अलग किया जाता है तो फिर उसको बिल्कुल इसी तरह से ब्लैक लिस्ट किया जाए जैसा कि व्यापारी को ब्लैक लिस्ट कर देते हैं या किसी बदमाश को ब्लैक लिस्ट कर देते

हैं जो सभा और सोसाइटी के लायक न हो उसी तरह से उनको भी पोलिटिक्स में रेड लाइन कर दी जाए और जिस तरह से वीरेन मित्रा और दूसरे लोगों को फिर मौका देते हैं उनको मौका न दिया जाए।

आखरी अर्ज करता हूं कि इतनी बड़ी बात हुई पंजाब में। क्या कुछ हुआ। हिन्द सरकार के एक मिनिस्टर को डिसमिस किया जाता है। क्यों डिसमिस करते हैं उसको सरकार ही जवाब दे सकती है। फिर उसको मौका दिया जाता है कि वह इलेक्शन लड़े। उसको कांग्रेस का टिकट मिले मुझे इस से बहस नहीं। मेरी अर्ज यह है कि सरकार इस विषय में चाहे जितना बड़ा आदमी क्यों न हो उसके ऊपर वह ऐक्शन ले। उसकी बद-दयान्ती कमज़ोरी या अब्यूज़ आफ पावर की वजह से उसको फिर किसी तरह से भी पोलिटिक्स में आने न दे। जैसे कि अयूब ने बिठा दिया था उन तमाम लोगों को जिन्होंने गद्दारी की थी अवाम के साथ। इसी तरह से उन लोगों को ठंडा कर दिया जाए ताकि इन्दिरा जी का रास्ता साफ हो और वह सफाई के साथ अपने देश को आगे ले जा सकें।]

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI V.C. SHUKLA): Mr. Vice-Chairman, Sir, I am grateful to you for giving me this opportunity to clarify certain points which primarily relate to my Ministry. Sir, I think it was hon'ble Mr. P. N. Sapru and, just now, Mr. Ghani who raised the point of the release of Sheikh Abdullah. It has been made clear, Sir, by the Prime Minister— and I want to again restate—that his release is not under contemplation. We are not considering to release him. We are very liberal-minded people. We do not want to detain people unnecessarily. As a matter of fact we released Sheikh Abdullah and Mirza Afzal Beg. But instead of devoting his time to national service or for the cause of this country, Sheikh Saheb went abroad on a Haj pilgrimage and indulged in all kinds of anti-national activities including meeting Mr. Chou En-lai. Sir, we tolerate everything, but there cannot be any compromise regarding the sovereignty and integrity of our nation. Sir, subject to this, we tolerate the most trenchant and unfair criticism. We are not afraid of any criticism howsoever unfair it may be. But when there is any activity which challenges the integrity and sovereignty of our nation, that cannot be tolerated.

شری عبدالغنی : اس پر مقدمہ چلائیے - اس کو موقعہ دیں تاکہ وہ صفائی دے -

†[**श्री अब्दुल गनी** : उस पर मुकदमा चलाइये; उसको मौका दें ताकि वह सफाई दे।]

सरदार रघुबीर सिंह पंजहजारी (पंजाब) : गद्दारों को कैसे मौका दिया जा सकता है।

SHRI V. C. SHUKLA: We have given him a chance. But we have no reason to believe that his earlier stand has changed at all. He is in the same frame of mind and we have no evidence to see or believe that he has changed his line of thinking. And I would request the hon'ble Members that instead of addressing and asking us to release him, they should address themselves to Sheikh Abdullah and ask him to change his attitude and anti-national attitude and become patriotic. There would be no difficulty in releasing him if he adopts the patriotic line which is inkeepiug with the national thinking and the national interest.

Sir, I would request the hon. Members of this House to use their influence with him and change his line of thinking if it is possible for them to do o.

شری عبدالغنی : موقعہ دیں کہ آپ کی تسلی کریں کہ آپ غلط ہیں -

†[**श्री अब्दुल गनी** : मौका दें कि आपकी त t t] Hindi transliteration हैं।]

SHRI V. C. SHUKLA : Then, Sir, I happen to note ihe speech of Mr. Vajpayee in the proceedings of the Rajya Sabha where he has made a mention of the so-called letter which was supposedly written by Pravin Chandra Bhanjdeo to the hon. Home Minister. I am surprised that a responsible leader of an all-India Party should be making such a statement which has no basis. In fact it is absolutely wrong to say that any such letter was ever written by Pravin Chandra Bhanjdeo to the hon. Home Minister and we have checked it up.

SHRI LOKANATH MISRA (Orissa) : On a point of order, Sir. Mr. Atal Bihari Vajpayee has alleged that a letter was received by Shri Gulzarilal Nanda, the Home Minister. Would it be right for the Deputy Minister in the Ministry of Home Affairs to come here and say that Mr. Gulzarilal Nanda did not receive that letter ? He must do it himself because in case a privilege motion is brought against Shri Gulzarilal Nanda, he would take shelter under the plea that he had never said anything like that in this House and that there was no letter written to him The hon. Deputy Minister also would get out of it then.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA) : Mr. Misra, I may cut short your argument. I am informed that Mr. Vajpayee has already been informed by the Home Minister about the allegation made by him.

SHRI LOKANATH MISRA : Then it is all right.

SHRI V. C. SHUKLA : There is no question of my getting out of it, Sir. We do not act like Swatantra Party Members. Therefore there should be no apprehension of that kind. And I repeat it once again. As you have kindly observed, the Home Minister has already informed Mr. Vajpayee and this gentleman should be more careful in future before making such statements here in this House.

One Member, Mr. Devi Singh, mentioned that a Memorandum was submitted by M.L.As. and M.P.s against the Chief Minister of Rajasthan and he alleged that no enquiry was made and no attention to that Memorandum was given. 1 must say that most careful attention to that Memorandum was given and all possible enquiries were made but even a *prima jacie* case could not be made out against the Chief Minister on the basis of that Memorandum. So the matter was not proceeded with further and it had to be dropped. It is well known that if it is necessary to take action against any Chief Minister or anybody else, howsoever highly placed, we have never hesitated in taking that step or ordering that enquiry. It can be seen if you go through the record for the last three or four years. But there must be some *prima jacie* case for doing so.

Mr. M. N, Kaul made certain references regarding the administrative reforms that are very necessary. This is a well-acknowledged fact and we also subscribe to this view that administrative reforms are very necessary and the Government have recently appointed the Administrative Reforms Commission and most of the points that Mr. Kaul raised have been referred to this Commission. I am quite sure Mr. Kaul will get in touch with the Commission and also give them the benefit of his ideas and views.

Mr. D. L. Sen Gupta said something about two Congressmen who are members of the Calcutta Telephone Advisory Committee, that they are indulging in all sorts of things. Well, at present we have no information about it and I do not believe this could be true but if it is so, it would be an exception. In the case of most other parties it could be a rule. I do not say it is so, but I am quite sure that such . . .

SHRI LOKANATH MISRA : Do you mean political parties ? If that is so, then it is highly objectionable. Sir, he must withdraw it.

SHRI V. C. SHUKL V : if they make allegations against my Party, I have also got a right to make allegations against them.

SHRI LOKANATH MISRA: You must withdraw it. Sir, he said in the case of other political parties it is a rule and it is an exception in the case of the Congress Party.

SHRI V. C. SHUKLA : I said it could be. You can say that but you cannot take away my liberty.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. P. BHARGAVA) : What I heard was "it could be".

SHRI MULKA GOVIND \ REDDY (Mysore) : Sir, let him not accuse others.

SHRI LOKANATH MISRA : Your Party would be indulging in all sorts of abuses.

SHRI V. C. SHUKLA : Sir, I would lik« to make one appeal to the hon. Members here. Let them not attack people who are not in the House to protect themselves. *(Interruption)*

This is all I have to say and if there are any other points which concern my Ministry, we can write to Members personally. Thank you very much, Sir.

श्रीमती श्याम कुमारी खान (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आज का दिन एक बहुत बड़ा दिन है हिन्दुस्तान में, और मैं आपका ध्यान गोपाल कृष्ण गोखले की सैन्टेनरी की तरफ दिलाती हूं, आज उनकी जन्मशती का दिन है और मैं आपकी इजाजत से इस सदन की तरफ से और अपनी तरफ से अपनी श्रद्धांजलि उनकी स्मृति में अर्पण करना चाहती हूं ।

شری عبدالغنی : بے شک ہم سب اس میں شامل ہیں ۔

†[**श्री अब्दुल गनी** : हम सब उसमें शामिल हैं ।]

श्रीमती श्याम कुमारी खान : महोदय, यहां पर तीन दिन से हम लोग तरह तरह की बातें यहां से सुन रहे हैं, हमको यह बताया जा रहा है कि हमारी कांग्रेस गवर्नमेंट की क्या-क्या त्रुटियां हैं, कहां-कहां हमने गलतियां की हैं, और यहां तक कहा गया है कि हम एक पैसा भी खर्च करने के हकदार नहीं हैं, ये सब बातें चल रही हैं लेकिन मेरा दृष्टिकोण थोड़ा-सा अलग है । मैं आपको याद दिलाती हूं कि आखीरी 12 महीनों में इस मुल्क के ऊपर बड़ी घनघोर घटायें छाई हैं, इस मुल्क में बीसवीं सदी की महाभारत की लड़ाई भी लड़ी गई है और उसके बाद कुछ ऐसे मसले पेश आए हैं जिन पर मैं अपनी डिफेंस मिनिस्ट्री का ध्यान दिलाना चाहती हूं । लड़ाई के बाद मिनिस्ट्री आफ डिफेंस ने उन बहादुर जवानों और अफसरों के खानदानों के लिये हर तरह के रुपये का प्रबन्ध किया लेकिन मैं यह नम्र निवेदन करना चाहती हूं कि केवल रुपये के प्रबन्ध से इंसान का जीवन पूरा नहीं होता, आसान ज़रूर हो जाता है लेकिन जीवन में और चीजों की भी ज़रूरत होती है । जिन जवानों ने अपनी जानें दे दीं हैं और जिनके बिछुड़े हुए बच्चे और बेवायें रह गई हैं वे बेवायें इस बात के ऊपर गर्व करती हैं कि उनके पति ने अपने देश के लिये अपनी जान अर्पण की । हम यह चाहते हैं कि उनके लिये किसी किस्म की संस्थायें खोली जाएं जहां वह अपने जीवन को सफल बना सकें । केवल पैसा ही उनको राहत नहीं देगा, उनको तभी राहत मिलेगी जबकि वह अपने देश की कोई सेवा कर सकें । इधर मुझे ध्यान दिलाना है ।

इस लड़ाई की वजह से एक और समस्या खड़ी हो गई है । हमारे जवान और हमारी फौजें सब सीमा पर हैं, सीमा से उनको हटाना आसान नहीं है और न यह मुनासिब होगा । उन सब जवानों और उन सब अफसरों के बीबी बच्चे बिछुड़े हुए हैं । इसकी बहुत सख्त जरूरत है कि उन बिछुड़े हुए खानदानों के लिये भी इंतजाम किया जाय और इसको प्रायरिटी नम्बर 1 दी जाय । उनके खानदान ऐसी जगह बसाये जायें जहां कि जवान और उनके अफसर और उनके कुटुम्ब वाले मिल सकें । अपने खानदानों के वक्तन फवक्तन और वहां पर हर तरह की सुविधा, शिक्षा आदि की, दी जाय । ये दो बातें मैं रक्षा मंत्री के सामने पेश करना चाहती हूं ।

t[ ] Hindi transliteration.

[श्रीमती श्याम कुमारी खान]

शिक्षा के मसले के ऊपर जब आती हूं तो हम सब को इस बात का बहुत इत्मीनान है कि प्राइमरी एजुकेशन में हमारे मुल्क में पिछले वर्षों में काफी तरक्की हुई लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि प्रौढ़ शिक्षा में हम लोग पिछड़ गये । हमारे जो आंकड़े हैं वह यह दिखलाते हैं कि प्रौढ़ शिक्षा जो पांच वर्ष पहले थी वह अब नहीं है और वह कम होती जा रही है । इसकी तरफ हमें ध्यान देना जरूरी है क्योंकि बगैर शिक्षा के इंसान को कोई जानकारी नहीं हो सकती । बहुत रुपया इस मुल्क का बच सकता है अगर हम प्रौढ़ शिक्षा चलायें और प्रौढ़ शिक्षा की मार्फत हम अपने सब प्रोग्राम देश के सामने पेश कर सकें ।

एक और बात के ऊपर ध्यान दिलाना है । आज आप जानते हैं कि इस वक्त आर्थिक समस्या काफी कठिन है, जो पैसे वाले लोग हैं उनको भी कठिनाई हो रही है और इसलिये यह जरूरी हो गया है कि जहां 18 वर्ष का बच्चा हुआ वहां उसने काम करना शुरू कर दिया और जब बच्चा काम करना शुरू कर देता है तो उसकी तालीम पर असर हो जाता है । हम जानते हैं कि दिल्ली के अन्दर करेस-पांडेंस कोर्सेज और कोर्सेज के मार्फत बच्चों का इंतजाम कर दिया गया है कि वह आगे पढ़ें लेकिन हम यह भी जानते हैं कि युनि-वर्सिटी की तालीम बहुत महंगी हो गई है, मामूली आदमी के इमकान के बाहर है कि वह युनिवर्सिटी की एजुकेशन दिला सके, इसलिये मैं अर्ज करना चाहती हूं कि सारे हिन्दुस्तान में यह फैलाना है और हर युनिवर्सिटी से कहना है कि वह एक या दो कोर्सेज ऐसे जरूर रखें जिसमें कि काम करने वाले बच्चे ही नहीं बल्कि बूढ़े भी अपना फ्युचर और अपना भविष्य बढ़ा सकें और ज्यादा तालीम हासिल कर सकें । तालीम हासिल करना जरूरी है । यह इसलिए भी ज्यादा जरूरी है क्योंकि हमारा प्रचार जो है वह बहुत कमजोर है । हमारा जो प्रचार है हमारी जो पब्लिसिटी है वह बाहरी ही कमजोर नहीं है क्योंकि इस सदन के अन्दर व्याख्यान दिये गये हैं कि एक्स-टर्नल पब्लिसिटी ने लड़ाई के वक्त बहुत कमजोरी दिखलाई है । मेरा कहना यह है कि हमारी जो इन्टर्नल पब्लिसिटी है वह भी कमजोर है । हम यह नहीं कहते कि हमारी सरकार मेहनत नहीं कर रही है, प्लान नहीं बना रही है । सरकार प्लान बना रही है और शिक्षा मंत्रालय शिक्षा के तरह-तरह के तरीके दिखा रहा है, लेकिन प्रचार की बेहद कमी है । अगर प्लान्ड पब्लिसिटी की रिपोर्ट पढ़ेंगे तो आप देखेंगे कि उसमें यह लिखा हुआ है कि जब तक हमारा प्रचार ठीक नहीं होगा तब तक हमारे मुल्क के बाशिन्दे को यह मालूम नहीं हो सकेगा कि वह किस तरह से और कहां से मदद ले सकते हैं । वे किस तरह से आगे बढ़ सकते हैं । इस बात का—इतमिनान है कि पिछले साल हमारे मुल्क के ऊपर जो काली घटा छा गई थी, उसके बावजूद हमारे नेताओं की मेहनत की वजह से, उनके हरीकेन टूर की वजह से हमारे देश का अन्तर्रा-ष्ट्रीय कोआपरेशन बहुत बढ़ गया है । मैं चाहती हूं कि यहां पर मैं आपके सामने यह निवेदन करूं कि पिछले साल अन्तर्राष्ट्रीय कोआपरेशन का साल था, लेकिन यहां पर कुछ लोगों ने स्पीच दी है और उसमें उन्होंने अमेरिका के ऊपर खास तौर पर छींटा डाला है कि वे क्यों हमारी तालीम में शरीक होते हैं और क्यों "इंडो यू० एस० कोआपरेशन" होता है । तालीम जो है, मैं अर्ज करना चाहती हूं कि उसकी कोई सीमा नहीं होती है । दिमाग के कामों में और साइन्स के अन्दर मुल्कों में सीमा नहीं हो सकती है । उसके अन्दर चाहे अमेरिका हो, चाहे रूस हो, चाहे इंग्लैण्ड हो, हरएक का कोआपरेशन हम ले सकते हैं । यह हमारे ऊपर इतमिनान हो जाय कि हम इस देश के निवासी हैं और हमें स्वदेशी पसन्द है, हम को यहां की संस्कृति का खयाल है । हम लोग ऐसे नहीं हैं कि हम अपनी संस्कृति को, अपने देश को और हर चीज़ को लुटा देंगे अगर अमेरिका का इन्फलुएन्स हो जाय ।

मैं अर्ज करना चाहती हूं कि आज हालत क्या है और बगैर इस इंडो यू० एस० कोआपरेशन के भी हमारे लोग किधर जाना चाहते हैं ? आज हमारे बच्चे तालीम के लिए किधर जाना चाहते हैं। वे अमेरिका की तरफ जाना चाहते हैं, वे इंग्लैण्ड की तरफ जाना चाहते हैं। क्यों जाना चाहते हैं ? इसलिए नहीं कि अमेरिका में कोई खास चीज है, बल्कि इसलिए कि वे यह समझते हैं कि वहां पर जाने से वे तालीम से फायदा उठा सकते हैं और आगे बढ़ सकते हैं। हम चाहते हैं कि हम उनको वही सुविधा दें, वही तालीम दें, इसीलिए यह सहयोग, सम्पर्क और कोआपरेशन कर रहे हैं और इसकी वजह से गवर्नमेंट को कोई दिक्कत नहीं होगी। अगर गवर्नमेंट देखेगी कि वह इस कोआपरेशन से अमेरिका के हाथों में बिकने जा रही है तो वह उसको तोड़ देगी।

इस समय विदेशी मुल्क हमारे लिए बहुत चिन्तित हो गये हैं और उन्होंने खाद्य समस्या में हमें जो सहयोग दिया है उसके लिए हम आभारी हैं। मैं यह बात जानती हूं कि हम हमेशा के लिए खाने के बारे में दूसरे मुल्कों के ऊपर भरोसा नहीं कर सकते हैं। मैं यह भी जानती हूं कि दूसरे मुल्क जो हैं वे हमारे पास दरख्वास्त लेकर नहीं आये हैं कि तुम मेहरबानी करके हमारा खाना ले लो, या रुपया ले लो। हमको उनके खाने की और रुपये की जरूरत है और हम यह महसूस करते हैं कि यह रुपया और खाना जो हम ले रहे हैं वह थोड़े ही दिनों के लिए है क्योंकि हम इस बात को महसूस करते हैं कि हमें अपना खाना बढ़ाना है, हमको अपना रुपया बढ़ाना है और विदेशी पूंजी के ऊपर हम हमेशा के लिए भरोसा नहीं कर सकते हैं।

भुखमरी के बारे में जो बातें कहीं गई हैं, उसके बारे में मैं यह अर्ज करना चाहती हूं कि यह बहुत जरूरी है कि हर पार्टी को मिल कर इस बारे में काम करना चाहिये और मैं इस बात से बिल्कुल सहमत हूं। मैं तो रचनात्मक कार्य करनेवाली औरत हूं और मैं हर पार्टी का सहयोग चाहती हूं। लेकिन मैं अपने विरोधी भाइयों से पूछना चाहती हूं कि वे सब चीज कांग्रेस के ही ऊपर क्यों छोड़ना चाहते हैं और वे खुद कोई संस्था खड़ी क्यों नहीं करते जिसके जरिये उड़ीसा में या किसी दूसरी जगह वहां पर भुखमरी फैली हो, वहां जाकर लोगों की सेवा की जा सके। मैंने अभी जाकर हर भाई से पूछा कि उड़ीसा में जो यह हालत बयान हुई है वह कहां तक सच है। इससे मुझे बहुत शर्म आई जो वाजपेयी जी ने कहा कि उड़ीसा के अन्दर सहायता के लिए कोई संस्था काम नहीं कर रही है। लेकिन मुझे यह बतलाया गया है कि उड़ीसा के अन्दर कांग्रेस आर्गनाइजेशन काम कर रहा है और उसके लोग उन एरियाज में जा रहे हैं जहां भुखमरी फैली हुई है। लेकिन वहां पर कोई और संस्था नहीं है। मैं उड़ीसा जाने वाली हूं और मैं आपको यकीन दिलाना चाहती हूं कि जहां तक उड़ीसा के बच्चों का ताल्लुक है, उनका जिम्मा इंडियन कौंसिल आफ चाइल्ड वैलफियर आर्गनाइजेशन ले लेगी। मैं अपने विरोधी भाइयों से कहना चाहती हूं कि मेरा और तुम्हारा यह काम है कि इस भुखमरी को बन्द करें और इसके लिए हमें पार्टी का सवाल सामने नहीं लाना चाहिये। आप यह नहीं चाहते हैं कि कि यह मुल्क मरे और न हम ही चाहते हैं कि इस तरह की कोई बात हो। जहां तक राजनीतिक सवालों का ताल्लुक है हम राजनीति के ही अन्दर जरूर एक दूसरे को पछाड़ सकते हैं। इस समय इलेक्शन नजदीक आ रहे हैं इसकी वजह से जरा तनाव ज्यादा है, इसको मैं महसूस करती हूं। लेकिन जहां तक राजनीति का ताल्लुक है, उसको हम जानते हैं।

दूसरा एक नम्र निवेदन मैं अपनी सरकार से यह करना चाहती हूं कि जहां खाने का मामला है, शहरों में काफी अनाज है। यहां हम रुपया लेकर, मदद लेकर अपने गांवों में बांट रहे हैं, वहां हमारा यह भी फर्ज हो जाता है कि हम शहरों का वातावरण भी बदलें।

[श्रीमती श्याम कुमारी खान]

शहरों में जो रहते हैं उनका यह फर्ज हो जाता है कि जो पढ़े-लिखे लोग हैं, जो समझदार हैं, हम उनकी फूड हेबिट्स (Food habits) को बदलें । इस मामले में हम हर संस्था की मदद कर सकते हैं जो कि खाद्य समस्या को हल करने के लिए काम कर रही हैं और हर तरह का अनाज बचा सकते हैं । लेकिन मैं जानती हूं कि हम इस तरह से गेहूं बचाकर पूरे गांव का पेट नहीं भर सकते हैं । हिन्दुस्तान के अन्दर हमेशा से यह चला आता है कि जो शहरवाले करते हैं, जो बड़े आदमी करते हैं, जो शिक्षित लोग करते हैं, जो विद्वान लोग करते हैं, उनको देखकर छोटे-छोटे लोग, अनपढ़ लोग, गरीब लोग भी उसी तरह की बात करते हैं क्योंकि उनमें एक अजीब तरह की श्रद्धा पैदा हो गई है । इसलिए मैं अपने शहर के भाइयों से जरूर कहूंगी कि वे अनाज जमा करें और जो समाजसेवी संस्थाएं हैं उनसे भी कहें कि वे भी अनाज जमा करें । गवर्नमेंट इस बात की सुविधा दे कि वह जगह बताये जहां अनाज जमा किया जा सकता है जब तक यह नहीं होगा इस तरह का कोई काम शहरों में नहीं किया जा सकता है । हम कांग्रेस वाले कोई नहीं चाहता है कि हमारे लोग बैठे रहें और कोई संस्था इस तरह का काम करे । हमारे ऊपर, इस तरह के आरोप लगाये जाते हैं कि हम काम नहीं करते हैं, हम चाहते हैं कि लोग भूखे मर जाएं और आप लोग कहते हैं कि हमारी पालिसी की वजह से ऐसा हुआ है । लेकिन मैं आपको यकीन दिलाना चाहती हूं कि गवर्नमेंट की इस तरह की पालिसी नहीं है और न उसे इस तरह की पालिसी की जानकारी ही है जिसकी वजह से ऐसा हुआ हो ।

हमारे भाई श्री चन्द्रशेखर ने परसों बतलाया कि इस मुल्क की समस्याओं का हल नहीं हो सकता है जब तक कि परिवार नियोजन न हो । हमारे भाई ने उस वक्त आगे बढ़ कर यह भी कहा कि एबोरशन (Abortion) बहुत जरुरी है और इसकी कानूनी तौर पर इजाजत दे दी जानी चाहिये । मैं उनके सामने यह पेश करना चाहती हूं कि एबोरशन की, कानूनी तौर पर खास हालतों में ही इजाजत अब भी है । लेकिन इससे बढ़कर तो यह बात देखनी है कि इस समय हमारे अस्पतालों की हालत क्या है, जो हमारे डाक्टर हैं उनकी हालत क्या है और मैं इस बात से सहमत नहीं हूं कि एबोरशन की इजाजत बगैर कैदों के हो जाय । मैं खुद परिवार नियोजन के बारे में बहुत सख्त काम करती हूं और हर वक्त उसको आगे बढ़ाती हूं । लेकिन एबोरशन को हम आगे तभी बढ़ा सकते हैं जब हमारे अस्पतालों की हालत फर्स्ट क्लास हो, जब हमारे मामूली आदमी के लिए भी आपरेशन का ठीक तरह से इन्तजाम हो जाय । हम ऐसी चीजें देश के सामने नहीं रख सकते हैं जिसमें हम उन्हें अच्छी तरह से सुविधा न दे सकें । अगर हमने इस तरह की सुविधा का इंतजाम नहीं किया तो हमारी कितनी ही औरतें मर जायेंगी । (*Time bell rings.*)

May I have another 5 minutes?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M.P. BHARGAVA) : Try to finish in two or three minutes.

SHRIMATI SHYAM KUMARI KHAN : Yes.

एक बात मैं और अरज करना चाहती हूं और वह यह है कि जब तक हमारी शासन प्रणाली ठीक नहीं होगी, देश में एडमिनिस्ट्रेशन का सिस्टम ठीक नहीं होगा, तब तक हमारा कोई काम ठीक नहीं हो सकता है । मैं दो बातें होम मिनिस्ट्री के सामने रखना चाहती हूं । नम्बर एक । मैंने हमेशा से यह ख्याल किया है कि जो आल इंडिया सर्विसेज हैं, वे कई एक हैं । लेकिन उसमें भी ग्रेडेशन है तनख्वाहों में, चाहे सर्विसेज आल इंडिया हो । आई० एफ० एस० का कोई ग्रेडेशन होता है, आई० ए० एस० का कोई ग्रेडेशन होता है, रेलवे का कोई ग्रेडेशन होता है, पुलिस का कोई ग्रेडेशन होता है और इसका नतीजा यह होता है जहां बहुत ऊंचे ग्रेड होते हैं, वहां

पर लोग बहुत खुश हैं । और जिन लोगों के ग्रेड ऊंचे नहीं हैं उनको हर वक्त एक इन-फीरियरिटी काम्प्लेक्स रहता है । लेकिन मैं यह विचार पेश करना चाहती हूं जो कि और लोग भी पेश कर चुके हैं कि Grades of pay (तनख्वाहें) एक सर्विस की एक ही हों और ये दो-दो तीन-तीन लेविल्स नहीं होने चाहियें ।

3 P.M.

मुझे ट्रेनिंग प्रोग्राम पर यह कहना है कि यहां पर सदन के अन्दर कई दफा यह सुनाई पड़ा है कि फारेन सर्विस के जितने लड़के हैं वे बिलकुल काम ठीक नहीं करते हैं और वे विदेशियों से ज्यादा विदेशी हो गये हैं और वे हिन्दुस्तानी नहीं रह गये हैं । मेरा निवेदन यह है कि फारेन सर्विस में लोग ठीक काम तब कर सकते हैं जब आप उनको यह सुविधा दें कि वे वापस हिन्दुस्तान में आ कर कुछ काम कर सकें । 24 या 25 वर्ष की आयु का लड़का डेढ़ साल की ट्रेनिंग के बाद छः वर्ष के लिये विलायत भेज दिया जाता है । अब सिवाय इसके और क्या हो सकता है कि विलायत का उसके ऊपर असर हो जब तक आप उसको यह मौका न दें कि जब वह वापस आये तो उसका रिओरियन्टेशन हो, वह केवल वापस दिल्ली शहर में न जाये बल्कि वह हिन्दुस्तान के गाँवों के लोगों में जाये तब तक उसको कैसे गांवों का प्रचार करना आ सकता है ।

समाज कल्याण मिनिस्ट्री को ढाई वर्ष हो गये । ढाई वर्ष से मुझे यह कहना पड़ता है कि समाज कल्याण के कार्यकर्ता जो हैं वे एक अजीब दुविधा की हालत में हैं । उनकी समझ में नहीं आता है कि समाज कल्याण क्या है और समाज कल्याण के माने क्या हैं । इसमें कोई शक नहीं है कि अगर समाजवाद होना है, अगर प्रजातन्त्र होना है तो जितने बाशिन्दे हिन्दुस्तान के हैं उनका सहयोग मिलना हमें बहुत जरूरी है । ट्राइबल्स के बारे में आपने देखा कि मध्य प्रदेश में क्या तमाशा हुआ है । राजनैतिक तौर से बहुत कुछ यहां पर कहा गया है । लेकिन क्या यह भी कोई सोचता है कि यह जंगल का शेर क्यों जागा । यह जंगल का शेर जो उठ गया, यह जरूरी था उठना इसलिये कि हमने उसकी काफी सेवा नहीं की और मुझे खाली इस तरफ ध्यान अपनी गवर्नमेंट का दिलाना है ।

और सब लोगों ने, इधर से भी और हमारे विरोधी भाइयों ने भी, यह पेश किया है कि हमारे मुल्क के ऊपर इस वक्त बड़ी घोर समस्याएं छाई हुई हैं । मेरे भाई वाजपेयी जी ने कहा कि 47 करोड़ जनता में आशा पैदा करनी है । आशा हम कैसे पैदा कर सकते हैं ? मैं आपको यकीन दिलाती हूं कि जहां तक गवर्नमेंट का ताल्लुक है गवर्नमेंट हर तरह से कोशिश करेगी कि वह आशा ही न पैदा करे बल्कि वह हर तरह से अपने देश का स्तर ऊंचा करे । पांच साल के अन्दर इस देश ने क्या-क्या नहीं देखा । पांच साल के अन्दर हमने दो प्राइम मिनिस्टर्स की मौत देखी । पांच साल के अन्दर हमने दो लड़ाइयां देखीं, एक में हम आग से जले और दूसरी में हम खाक में मिले । दोनों लड़ाइयां हमने लड़ी, काफ़ी घायल हुए, लेकिन तब भी हम खड़े हुए हैं । इस वक्त की जो समस्याएं हैं वे मामूली नहीं हैं । लेकिन मेरा कहना यह है कि एक देश को उठाना आसान काम नहीं है । मैं आप को कवि की एक लाइन सुना कर खत्म कर देना चाहती हूं :

बस्ती बसाना खेल नहीं,
बस्ते बस्ते बस्ती है ।

DR. B. N. ANTANI (Gujarat) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to make a few general observations on the Appropriation Bill. I do it keeping in mind the advice which used to be given frequently by the late Gopal Krishna Gokhale to those who offer criticism on such Bills: co-operate where you can, criticise where you must. Bearing that principle in mind I place before this House the test to justify appropriation of such a huge sum out of the Consolidated Fund of India for the Services. Do the Services give equivalent return for the appropriation

fDr. B. N. Antani] of this huge amount? The justification for voting this huge amount will be the standard and efficiency of the Services. The people from whom the amount is collected have, 1 believe, a right to demand the answer. The answer has been given by the Prime Miniter herself when she recently said:

"The problem of Administration has added to the difficulties of the country all along the line".

